हारे का तू ही सहारा है तू बाबा श्याम हमारा है लिरिक्स

हारे का तू ही सहारा है,
तू बाबा श्याम हमारा है,
तू लाज बचाने वाला है,
इस जग का पालनहारा है,
हारें का तू ही सहारा है,
तू बाबा श्याम हमारा है।bd।

तर्ज – बाबुल की दुआएं।

जब दु:ख का बादल छाया है,
तू लीले चढ़ के आया है,
मेरी लाज बचाई है तुमने,
मुझे अपने गले लगाया है,
जब विपदा मुझ पर आई है,
तूने ही श्याम उबारा है,
हारें का तू ही सहारा है,
तू बाबा श्याम हमारा है।bd।

दुनिया से मिली रुस्वाई है,
दर दर की ठोकर खाई है,
तेरी शरण मिली जबसे बाबा,
खुशियां जीवन में आई है,
तेरे बिन एक पल अब सांवरिया,
नहीं होता मेरा गुज़ारा है,
हारें का तू ही सहारा है,
तू बाबा श्याम हमारा है।bd।

मुझे इतना दिया तुमने बाबा,
जितनी मेरी औकात नहीं,
खाटू वाले को पा लिया,
किसी चीज़ की अब दरकार नहीं,
'बादल' की किस्मत को बाबा,
हाथों से तूने संवारा है,
हारें का तू ही सहारा है,
तू बाबा श्याम हमारा है।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

हारे का तू ही सहारा है,
तू बाबा श्याम हमारा है,
तू लाज बचाने वाला है,
इस जग का पालनहारा है,
हारें का तू ही सहारा है,
तू बाबा श्याम हमारा है।bd।

Singer & lyrics – Badal Batra

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com